The other point raised was whether the Budget could be brought before the House or presented to the House today as it is being done. Now, in this regard, I am afraid, the Rules of Procedure or the precedents of the Lok Sabha have been mentioned. I would like to know if any hon. Member can cite if there are such rules in any other State. In any oase, I would like to stress that we are bound by the Rules that have been prepared I was and which are contained in our Rules of Procedure. (Interruptions.)

I have been listening most patiently to you all and it took more than 40 minutes.

So, the Conduct of Business of this House is guided by these Rules which have been prepared and adopted by this August House. Here in Rule 210 lays down—

"The Annual Financial Statement or the Statement of the Estimated Receipts and Expenditure of the Government of the State in respect of every financial year (hereinafter referred to as "the Budget") shall be presented to the Assembly on such day as the Governor may appoint."

This says that the Budget shall be presented to the Assembly on such day as the Governor may appoint. I have an order of the Governor which reads as under :-

"Under Rule 210 of the Rules of Procedure and Conduct of Business as applicable to the Haryana Vidhan Sabha, **I** appoint 10th February, 1969, as the day for presentation of the Budget Estimates 1969-70, to the Haryana Vidhan Sabha."

Rao Birender Singh : What is the date, Sir ?

Mr. Speaker : Date ? It is issued on the 8th of February, 1969.

Rao Birender Singh : This is even worse. Then it means that your approval, Governor's approval and every thing was obtained only 24 or 48 hours before they are presenting the Budget. (Interruptions.) This all makes it more shaddy. I r makes it even worse.

Mr. Speaker : Hon. Members, whatever it is, it is regular

under the Rules.

WALK-OUT

Rao Birender Singh : I am sorry to say, Sir, that we cannot be a party to rape of democracy like this.

(At this stage the Opposition staged a walk-out)

PRESENTATION OF BUDGET FOR THE YEAR 1969-70

वित मन्त्री (श्रीमती ओम प्रभा जैन) : स्पीकर साहिब

Mr. Speaker : Bahin ji, one second. I want to make one observation. Haryana has always given a lead in introducing new practices and precedents and today we are doing it again.

वित मन्त्री : मुझे आज इस महान सदन के सामने 1969–70 के बजट अनुमान पेश करने का गौरव प्रान्त हुआ है । सदन ने पिछले साल जुलाई में चालू वर्ष के बजट अनुमानों पर विचार किया था । तब से सरकार राज्य के साधनों का

जायजा लेती रही है । सरकार ने यत्न किया है कि आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए विकास पर आवश्यक खर्च को तो न घटाया जाय और किफायत तथा आमदनी बढ़ाकर बजट के घाटे को कम किया जाए ।

आर्थिक स्थिति

2. वर्ष 1968– 69 आर्थिक क्षेत्र में हमारे लिए आशा का सन्देश लाया है । खेती के लिए अनुकूल जलवायु, अधिक उपज देने वाले

वीजों और खाद के अधिक इस्तेमाल से वर्ष 1967– 68 के दौरान 39.93 लाख टन अनाज की रिकार्ड पैदावार हुई । अनाज की अधिक पैदावार के साथ साथ तिलहन और कपास की भी उतनी ही अधिक पैदावार हुई । तिलहन की 1966– 67 की पैदावार 0. 90 लाख टन से बढ़कर 1967– 68 में 1. 13 लाख टन और कपास की पैदावार 1967– 68 में 2.89 लाख गांठ से बढ़कर 3.75 लाख गांठ हो गई । परन्तु गन्ने की पैदावार में कुछ कमी हुई है जो 1966– 67 में 510 लाख टन से घटकर 1967– 68 में केवल 4.76 लाख टन रह गई । इसका मुख्य कारण यह है कि ईख का रत्ता रोग फैला रहा और गन्ने की खेती के रकबे में भी कमी हो गई । खेतीबाड़ी की पैदावार बढ़ने से अर्थव्यवस्था में सुधार हुआ हूँ और कीमतें बढ़ने से रुक गई है । अखिल भारतीय थोक मुल्य सूचकांक (आधार 1952–53) जनवरी, 1968 में 209.7 था और सितम्बर, 1968 में बढकर 221.5 हो गया । इसमें 56 प्रतिशत की वुद्धि दिखाई देती है, जब कि 1967 की उसी अवधि के दौरान यह वृद्धि 1 1 5 प्रतिशत रही । कामगर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (आधार 1949 में 100) जो जनवरी 1968 में 220 था, अगस्त, 1968 में घटकर 216 रह गया । इस में 1. 8 प्रतिशत कमी हुई है । वर्ष 1 967 में उसी अवधि के दौरान सूचकांक में 9.1 प्रतिशत वृद्धि हुई थी । सामान्य उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में जनवरी, 1 968 से नवम्बर, 1 968 तक केवल 4.3 प्रतिशत वृद्धि हुई ।

3. 1967– 68 में अनुक्रृल जलवायु के कारण खेती की पैदावार में काफी वुद्धि हो सकी । यद्यपि अधिक पैदावार देने वाली किस्मों को अपनाने तथा अन्य खादों के प्रयोग का जोरदार कार्यक्रम चल रहा है, किन्तु दुर्भाग्यवश कृषि के लिए जलवायु की स्थिति 1968– 69 में वैसी ही अनुकल नही रही । वर्षा केवल जुलाई और अगस्त में ही हुई और बहुत अधिक मावा में हुई । बाढ़ से फसलों तथा सम्पति कौ काफी हानि हुई । अनुमान कद कि 8.15 लाग्ब एकड़ क्षेत्र में बाढ़ का बुरा प्रभाव पड़ा और करनाल, जींद, रोहतक और हिसार के कुछ भागों में हानि हुई । रबी की बुवाई के समय वर्षा होने की आशा पूरी नहीं हुई जिस से जिला महेन्द्रगढ में और जिला गुडगांव और रोहतक के कुछ स्थानों में सूखा पड़ गया । इन कमियों को कुछ हद तक लघु सिचाई कार्य क्रम तथा अच्छे साधनों एवं बीजों के प्रयोग से पूरा किया जाएगा । मुख्यत सड़को, स्कूलों और बाढ़ रोकने के साधनों के लिए अधिक खर्च की व्यवस्था है । इससे राज्य की योजना का खर्च 23.94 लाख रु 0 से बढ़ कर 26.19 लाख रुपए हौ गया है । आशा है कि 1966– 67 की 25.70 लाख टन अनाज कोई पैदावार के मुकाबले में यह बढ़ कर 31 लाख टन हो जायेगी क्योंकि जहां तक कृषि सम्बन्धी मौसम का सम्बन्ध है, वर्ष 1968– 69 वर्ष 1966–67 जैसा ही है ।

4. सरकारी नीति का उद्देश्य है कि कीमतों को स्थिर रखा जाए और साथ ही कीमतें न गिरने दे.ने की नीति को अपनाने से किसानों को आकर्षक कीमतें दिलाकर उत्पादन को बढ़ाया जाय ।

सरकार ने अत्यधिक फालतू पैदावार को इकट्ठी करने की लिए बडे पैमाने पर खरीद शुरु की है ताकि किसानों को वाजिब कीमतें मिल सकें । सरकार द्वारा लगभग 2 8, 000 टन गेहूं खरीदा गया ।

40,000 टन गेहूं और 25,000 टन चावल की भारी मावा प्रान्तीय भडार म रखी जायेगी । जब कभी जरूरत पड़ेगी तो सारे राज्य में 2, 963 सस्ते डिपुओं द्वारा अनाज का वितरण किया जाएगा ।

जैसा कि मैने पिछले अधिवेशन में बजट अनुमान पेश करते समय अपने भाषण मे कहा था कि वर्ष 1968– 69 के आरम्भ में 7, 71 लाख रुपए का घाटा था । लेखा देखने से पता चलता है कि इस घाटे के दौ मुख्य कारण थे एक तो भुमि बेचने से वास्तविक आमदनी आरम्भ में आशा से ब हुत कम हुई, तथा दूसरे 229 लाख रुपए की खाद राज्य सरकार के पास पड़ी रही है । देहातों में बिजली लगाने के कार्य क्रम के सम्बन्ध में भारत सरकार से मिलने वाला 140 लाख रुपए का कर्जा भी अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है ।

वर्ष 1968– 69 के. बजट अनुमान का अब संशोधन किया जा चुका है तथा वर्ष 1968– 69 की संशोधित स्थिति और वर्ष 1969– 70 के अनुमान इस प्रकार हैं –

सशोधित बजट बजट

	अनुमान 1968–69	अनुमान 1969–70
	(आकडे लाख रूपयों में)	
(i) प्रारम्भिक बकाया–		
(क) खाता बहियों के अनुसार	-70	-650
(ख) नीचे लिखे में लगी हुई पूंजी		
खजाना बिल		
प्रतिभूतियां (सिक्योरिटियां)	475	475
(ii) राजस्व लेखा––		
आमदनी	7456	7834
खर्च	7109	7979
बचत (+) घाटा (-)	347	-145
(iii) पूंजीं खर्च (निवल)	499	733
(iv) सरकारी ऋण–		
लिया गया ऋण	4020	4923

कर्जे को वापसी	3630	4440
निवल	+ 390	- 483
(v) कर्जे तथा पेशगियां––		
पैंशगियां	1718	1624
वसूलिया	737	1024
निवल	- 981	- 584
अंन्तर्राज्य समंजन		
फुटकर निधि (निवल)		
अनिधिक ऋण (निवल)	+ 35	+ 37
जमा तथा पेशगियां (निवल)	835	824
प्रेषण (निवल)	- 7	- 6
अन्तिम बकाया	- 650	- 774

(क) खाता बहियों के अनुसार

(ख) निम्न लिखित में लगाई गई पूंजी :

खजाना बिल

मैं लम्बी चौड़ी तफसील. में न जाते हुए पहले उन परिवर्तनों का संक्षेप में जिक्र करूंगी जिन से चालू साल के हमारे संशोधित अनुमानों की स्थिति में सुधार हुआ हूँ ।

(इस समय उपाध्यक्षा कुर्सी पर विराजमान हुई')

इस सुधार का कारण यह है कि कुछ तो आमदनी में बढ़ती हुई और कुछ योजनेतर खर्च. में किफायत की गई । आमदनी में मुख्य बढती बिक्री कर, अन्य करों और उप–करों, स्टाम्पो, सड़क तथा जल परिवहन, विविध और भारत सरकार से चावल प्रोत्साहन बोनस के रूप में है । चाहे व्याज के खर्च चिकित्सा और खेती से घटने वाली आमदनी के कारण यह आमदनी कुछ हद तक कम हो गई, फिर भी कुल बढ़ती 490 लाख रुपए अर्थात् 6966 लाख रुपए सें 7456 लाख रुपए हुई । इसके साथ साथ राजस्व का खर्च भी 7170 लाख रुपए से घटकर 7109 लाख रुपए रह गया है, जिस से 61 लाख रुपए की बचत हुई है । यदि 63 लाख रुपए की वचत को बाढ़ की रोकथाम के लिए बनाए जाने वाले कामों पर खर्च न किया जाता तो वचत की यह रकम और भी अधिक होती ।

138 लाख रुपए का पूर्व अनुमानित पूंजीगत खर्च अब बढकर 499 लाख रुपए हो जाने की सम्भावना है । खर्च में इस वृद्धि का मुख्य कारण राज्य भूमि बन्धक बैकों के लिये ऋण–पत्रो की खरीद (57 लाख रुपए), व्यास परियोजना पर अधिक खर्च (39 लाख रुपए), बाढ़ नियन्त्रण स्कीमें (63 लाख रुपए) राज्य परिवहन विभाग के लिये नई बसीं की खरीद (27 लाख रुपए) और शहरी बस्ती विभाग ब्रास प्लाटों की बिक्री से कम वसूली का होना है ।

वर्ष के दौरान राज्य सरकार ने पहली सितम्बर, 1968 से केन्द्रीय दरों पर अतिरिक्त महंगाई भत्ता देने' का निर्णय किया है । इस कारण इस वर्ष राज्य कोष पर38 लाख रुपए और 1969–70 के दोरान 77 लाख रुपए का अधिक खर्च पड़ेगा ।

सशोधित अनुमानों के अन्दर सरकारी ऋण' शीर्ष के अधीन प्राप्तियों में 77 लाख रुपए की कमी हुई हूँ । इसका मुख्य कारण यह है कि इस वर्ष के दोरान राज्य सरकार को 128 लाख रुपए की वह रकम लौटानी पड़ी जो वर्ष 1966– 67 के दौरान सहायता के रूप में अधिक मिली थी 755 ताख रुपए की पूर्व प्रत्याशित रकम के मुकाबले में विभिन्न निक्षेपों से वर्ष 1968– 69 के संशोधित अनुमानों में सरकार को 8.35 लाख रुपए की निवल रकम उपलब्ध द्रई है ।

1968– 69 के बजट अनुमानों के मुकाबले मे' 1968– 69 कैं संशोधित अनुमान बड़े उत्साहवर्धक रहे है । क्योंकि इनसे 1,20

लाख रुपए का घाटा पूरा हुआ है । सरकार को आशा है कि वर्ष 1 928– 69 कीं समाप्ति पर बकाये में 650 लाख रुपए का घाटा होगा । इसके मुकाबले में पहले लगाए गए बजट अनुमानों में 815 लाख रुपए के घाटे की आशंका थी । यदि रुस वर्ष के दौरान उपयु' क्त 1 40 लाख रुपए का मारण प्राप्त हो गया तो इम घाटे को और कम कर दिया जाएगा ।

अब में माननीय सदस्यों का ध्यान 1969– 70 के अनुमानों की ओर दिलाना चाहूंगा । 1968– 69 के संशोधित अनुमानों के मुकाबले में 196 9– 70 के लिए अनु मानित राजस्व प्राप्तियों में 378 लाख रुपए की वुद्धि हुई है । यह वृद्धि कुछ हद तक तो पांचवे वित्त आयोग की अन्तरिम रिपोर्ट में की गर्ड सिफारिश के अनुसार निगम करो और केन्द्रीय उत्पादन–शुल्क के अतिरिक्त अन्य आमदनियो पा करों के हमारे हिस्से मे आई अधिक प्राप्तियों (107 लाख रुपए) के कारण हुई है । इन निम्नलिखित मद्दों से भी अधिक प्राप्तियां होने की सम्भावना है बिक्री कर (21 लाख रुपए), अन्य कर तथा शुल्क (19 लाख रुपए), स्टाम्प (36 ताख रुपए), ब्याज प्रभार (102 लाख रुपए), सड़क तथा जल परिवहन (85 लाख रुपए), चिकित्सा (24 लाख रुपए), और पशुपालन (24 लाख रुपए) । नए क्षेत्रो में कर्मचारी राज्य बीमा स्कीमों के विस्तार के कारण चिकित्सा विभाग से होने वाली प्राप्तियों में वृद्धि की सम्भावना है । देहाती क्रीम कारखाना जीन्द से पशुपालन विभाग को अतिरिक्त आय होने की सम्भावना है और परिवहन सेवाओं के विस्तार से भी

अतिरिक्त आय होगी । 1969–7 0 के बजट अनुमानों में राजस्व खर्च का अनुमान 7979 लाख रुपए लगाया गया है जो संशोधित अनुमानों में दिखाए गए 7109 लाख रुपए के मुकाबले मे 870 लाख रुपए अधिक है । इस का एक कारण यह है कि 1969– 70 से कुछ योजना स्कीमों के सम्बन्ध में होने वाले खर्च की 392 लाख रुपए की रकम को योजनेतर स्कीमों पर खर्च किया जाएगा । आशा है कि योजना स्कीमों के कारण राजस्व खर्च में 64 लाख रुपए तक की वद्धि हो जाएगी ।

रोहतक में जिला जेल के निर्माण (30 लाख रुपए), विभिन्न स्थानों पर पुलिस भवनों के निर्माण (6 लाख रुपए), भवन तथा सडक विभाग के कार्यालय भवन तथा संग्रह गोदामों के निर्माण (5 लाख रुपए) आदि की योजनेतर नई स्कीमों के लिए 57 लाख रुपए की रकम चाहिए । फिर भी आशा है कि रोहतक में जेल के निर्माण का खर्च इस समय महिलाओँ के राजकीय महाविद्यालय, रोहतक के कब्जे में जमीन तथा भवनों की बिक्री से पूरा हो जाएगा । अतिरिक्त खर्च अंशतः पहले दिए गए महंगाई भत्ते के दरों में बढ्ती तथा हाल ही में घोषित किए गए सरकारी कर्मचारियों के वेतमानों में संशोधन के कारण हुआ है । पहली फरवरी, 1969 से वेतनमानों में संशोधन करने के कारण 2 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है, जिस का पूरा ब्योरा 1969–70 के बजट अनुमानों में दिया गया है ।

1969–70 के बजट अनुमानों में 733 लाख रुपए के पूंजी खर्च की व्यवस्था की गई है । 1968–69 के संशोधित अनुमानों में योजना खर्च के 833 ताख रुपए से बढ़कर 989 लाख रुपए हो जाने के कारण 234 लाख रुपए की वृद्धि हुई है । इसके साथही सार्वजनिक निर्माण कार्यों (246 लाख रु0), सड़क तथा जल परिवहन स्कीमों (44 लाख रुपए) और औद्योगिक तथा आर्थिक विकास (28 लाख रु०) पर अतिरिक्त खर्च किया जाएगा ।

''सरकारी ऋण'' शीर्ष के अधीण प्राप्तियां 483 लाख रुपए होंगी, जो संशोधित अनुमानों में 3.90 लाख रुपए थी । पिछले वर्ष की तरह मार्किट कजें बढ़ाने का विचार है । कुल वृद्धि इस से भी कहीं अधिक होती, परन्तु भाखड़ा नंगल के कजों की अदायगी के कारण ऐसा न हो सका । वर्ष 1969–70 में ये अदायगियां 12.87 करोड़ रुपए तक पहुंच जाएंगी, जिस से राज्य के साधनों पर बड़ा भारी बोझ पड़ेगा । कर्जों और पेशगियों के बारे में 1968–69 के संशोधित अनुमानों में रखी गई 9, 81 लाख रुपए की रकम के मुकाबले में 1969–70 के अनुमानों में 5. 84 लाख रुपए के निवल ऋण की व्यवस्था छै । ऐसा मुख्य रूप से राज्य बिजली बोर्ड जैसी अन्य संस्थाओं की कम अदायगियों के कारण है । इन्हें बहूद्देशीय–नदी योजनाओं आदि के लिये 1968– 69 के संशोधित अनुमानों में रखे गए 6.70 लाख रुपए के व 5.50 रुपए का कर्जा पेशगी के रूप में दिया जाएगा । इसके अतिरिक्त, वर्ष 1969– 70 में योजनेतर लेखे में से बिजली बोर्ड को किसी प्रकार का कर्जा

पेशगी देने की व्यवस्था नहीं की गई है । बोर्ड को अपने व्याज प्रभारों के लिए पूंजी जुटा सकने के प्रयोजन से वर्ष 1 9 ह 8– 69 के दौरान बिजली बोड के लिये 1.6० लाख रुपए की रकम रखी गई थी ।

1969– 70 के बजट अनुमानों में अधिक ऋण के रूप में 37 लाख रुपये और जमा तथा पेशगियों से हुई निवल आमदनी के रूप में 8.24 लाख रुपये शामिल है' ।

इस लिये 1969–70 के बजट अनु मानों में 1.24 लाख रुपये का घाटा रहेगा । यह वर्ष 6. 50 लाख रुपये के मनफी बकाया से शुरू होगा और इसके 7. 74 लाख रुपये के मनफी बकाया से समाप्त होने की सम्भावना है ।

राज्य में आर्थिक साधनों की स्थिति को मजबूत बनाने के लिये बैंक से उधार प्राप्त करके राज्य द्वारा अनाज और खाद के व्यापार के लिये धन जुटाने का निश्चय किया गया है । वर्त मान प्रणाली के अन्तगर्त राज्य सरकार का धन राज्य व्यापार में लगा हुआ है और आशा है कि बैक–उधार मिलने से राज्य सरकार अपनी आर्थिक स्थिति सुधार सकेगी ।

मैं पांचवें आर्थिक आयोग की अन्तरिम रिपोर्ट का जिक्र करना चाहूं गी, जिसमें आयोग ने अनुच्छेद 275 के अधीन 1969–70 के लिये हरियाणा के लिये किसी सहायता– अनुदान को सिफारिश नहीं की । आशा है कि आयोग अन्तिम रिर्पोट में राज्य के पिछड़ेपन पर

विचार करेगा और उचित सहायता–अनुदान की सिफारिश करेगा । आयोग की अन्तरिम सिफारिशों के आधार पर राज्य खजाने को केन्द्रीय करों और शुल्कों में अपने हिस्सों के रूप में लाभ होगा ।

5. चौथी पंच–वर्षीय योजना 1969–74 ती वार्षिक योजनाओ के बाद अब पहली अप्रैल, 1969 से शुरू होगी । राष्ट्रीय विकास परिषद द्वारा राज्य योजनाओं के प्रति दष्टिकोण, इन पर कुल खर्च और इनके विस्तार पर विचार किया जा रहा है । मैं माननीय सदस्यों के सूचनार्थ चौथे योजना के बारे में राष्ट्रीय विकास परिषद के कुछ महत्वपूर्ण फैसलों का उल्लेख करना चाहती ह । पहले राष्ट्रीय विकास परिषद द्वारा अपनाये गये फार–मले के आधार पर केन्द्रीय सहायता की मावा का पांच वर्ष के लिये पहले ही फैसला कर लिया जायेगा । केन्द्रीय सहायता स्कीम के ढांचे के अनुसार नहीं होगी, बल्कि यह इकमुश्त कर्जों और अनुदानों के रूप में मिलेगी । अनुदान का भाग राज्य के लिये कुल केन्द्रीय सहायता का अनुमानित 30 प्रतिशत होगा । स्कीम के ढांचे के अनुसार केन्द्रीय सहायता न मिलने से राज्यों को अपनी विशेष जरूरतों, साधनों और योजना प्राथमिकताओं के अनुसार अपनी योजनाएं बनाने की स्वतंन्त्रता होगी । इसके इलावा भारत सरकार 52 केन्द्र चालित स्कीमों को विकास के विविध उपशीर्षो के अन्तर्गत राज्य योजना लागत के अतिरिक्त 100 प्रतिशत आर्थिक सहायता देगी ।

6. योजना आयोग में हरियाणा राज्य के लिये अनुमानत 262 करोड़ रुपये के प्रस्ताव के प्रारूप पर विचार किया गया और साधनों की सुलभता को ध्यान में रखते' हुये 190 करोड़ रुपये की लागत हो सकेगी । राज्य सरकार का विचार है कि ए. आर. सी. ए. एफ. सी. : आई. डी. बी. आइ और अन्य वाणिज्यिक वैको जैसी संस्थाओं के साधना को ठीक प्रकार से प्रयोग में' लाने से राज्य लघु सिंचाई, खेतीबाड़ी के बढ़िया औजारों, बगीचों के विकास चिरकाल सै सूखाग्रस्त भूमि के संरक्षण और छोटे उद्योगों जैसे महत्तवपूर्ण प्रोग्रामों को हाथ में ले सकेगा । योजना आयोग ने वर्ष 1969–70 में 14 करोड़ रुपये की केन्द्रीय सहायता के साथ 23 करोड़ रुपये की लागत का सुझाव दिया कस ।

7. अतः इस सरकार ने 26 करोड़ रुपये तक खर्च बज्ञना आवश्यक समझा है । इसके अतिरिक्त, यदि सहायता मिल गई तो, 3 करोड़ या इससे अधिक रुपये केन्द्र– संचालित–योजनाओं के त्रिये प्राप्त होंगे । खेती बाड़ी से सम्बन्धित कुछ विशेष प्राथमिकता प्राप्त सैक्टरों के लिये उपलब्ध संस्थागत साधनों के ज्यादा से ज्यादा प्रयोंग के लिये भरसक प्रयत्न किया जायेगा ।

8. इस सैक्टर सम्बन्धी प्राथमिकताओं मैं कृषि, सिंचाई तथा बिजली–योजनाओं को चालू रखने के लिये जोर दिया जा रहा है । कुल 2600 लाख रुपये के पूंजी खर्च में से इन मुख्य सैक्टरों पर 1751.50 लाख (67.4 प्रतिशत) रुपये की रकम खर्च होगी । सड़कों, सड़क–परिवहन तथा सामाजिक सेवाओं पर 734. 50 लाख

(28. 2 प्रतिशत) रुपये की रकम खर्च होगी । उद्योगों पर 100 लाख रुपये खर्च होंगे, जो कि पूंजी लागत का 3.9 प्रतिशत है ।

कृषि तया सम्बन्धित कार्यक्रम

9. हरियाणा में कषि सैक्टर आर्थिक–उन्नति का मुख्य साधन है । परिश्रम तथा नये तरीके अपनाने का उत्साह हरियाणा के किसान के विशेष गुण हैं । प्रति युनिट क्षेत्र में उत्पादन बढाने की पूर्ण सफलता पर्याप्त सिंचाई सुविधायें जुटाने, खाद आदि डालने तथा अधिक उपज देने वाली किस्मों के अन्तर्गत अधिक से अधिक क्षेत्र लाने पर निर्भर है ।

इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिये इस जोरदार कार्यक्रम में अधिक उपज देने वाली किस्मों का अधिकाधिक प्रयोग तथा बढिया खाद आदि का प्रयोग शामिल है । अधिक उपज देने वाली किस्मों के कार्यक्रम के अन्तर्गत अधिकाधिक क्षेत्र लाने का प्रयत्न किया जा रहा है, जिसके लिये सिंचाई की सुविधाओं कौ बढ़ाया जा रहा बै । राज्य योजना में कृषि वर्ग के लिये 126.50 लाख रुपये के खर्च का प्रवन्ध किया गया है । राज्य यौजना नियतन के अतिरिक्त, संस्थागत साधन, जिनका कि मैं बाद मे‘ वर्णन करूंगी, कृषि वर्ग के विषयों के अधीन अनेक योजनाओं के लिये प्राप्य होंगे ।

10. कृषि तथा सम्बन्धित कार्यक्रमों की कुल बचत 6.50 लाख रुपये की रकम मैं से, कृषि उत्पादन के लिये 140 लाख रुपये की रकम रखी गई है । इस कार्यक्रम में जोरदार उपायों द्वारा जिला

करनाल में सघन विकास का कार्य भी शामिल है, जिसमें वर्ष 19 68– 69 के दौरान अधिक उपज देने वाली किस्मों के अन्तर्गत 2. 25 लाख हैक्टेयर से बढ़ाकर 4.74 लाख हैक्टेयर कर दिया है । इस पर वर्ष 1969–70 के दौरान 21. 81 लाख रुपये खर्च होंगे । नकदी फसलों के विकास जैसा कि .कपास, तिलहन पर 13. 13 लाख रुपये तथा 42.50 लाख हैक्टेयर के अन्तगर्त पौधों के सुरक्षा उपायों पर 4. 50 लाख रुपये की रकम खर्च होगी । वर्ष 1969–70 के दौरान कपास की एक लाख हैक्टेयर क्षेर पर हवाई जहाज द्वारा दवाइयां छिड़की जायेगी । कृषि–उद्योग निगम की हिस्सा पूंजी को बढाने के लिये 10.76 लाख रुपये. का प्रबन्ध किया गया है । इसके कार्य–क्षेत्र के दायरे को बढ़ाने की सम्भावना है जिसमें विदेशी ट्रैक्टरों को जोड़ना तथा कृषि और इससे सम्बन्धित क्षेत्रो के कार्यक्रम शामिल है' । आशा है कि रासायनिक खाद की खपत वर्ष 1968–69 के लिये रखे गये 4. 50 लाख टन के निशाने सै बढ़कर वर्ष 1969–70 में ह लाख टन हो जायेगी । बुवाई के लिये खरे और परखे हुये 20,000 क्विटल बुनियादी बीज सरकारी फार्मो को दिये गये ताकि वे बीज की माज बढ़ा सके ।

वर्ष 1968– 69 के दौरान हुई अनाज की 31 लाख टन पैदावार के मुकाबले में 1969–70 के दौरान सघन उपाय अपनाने से प्रति यूनिट क्षेत्र पैदावार 33.25 लाख टन हो जायेगी । इस प्र कार खेती की पैदावार में 7 प्रतिशत बढ़ती होगी । अनुमान है कि

चौथी पंचवर्षीय योजना के दौरान हरियाणा में अलग कृषि विश्व–विद्यालय स्थापित हो जाएगा । (प्रशंसा)

लघु सिंचाई

सिंचाई प्रयोजनों के लिए भूमि के ऊपर पानी की कमी के कारण भूमि के नीचे के पानी को उपयोग में लाने का महत्व बढ़ गया है । इसके अनुसार भूमि के नीचे के पानी को सिंचाई के लिए सम्भावी भू–गर्भ जल क्षेत्रो का सर्वेक्षण करने के लिये एक भू–जल अनुसंधान शाखा की स्थापना की गई है । सघन तथा अधिक फसलो के लिये लघु सिंचाई सुविधाएं मिलती रहनी चाहिएं । इस लिए राज्य सरकार ने लघु सिंचाई कार्यक्रमों को सब से अधिक पहल देने का निश्चय किया है ।

योजना के अधीन लघु सिंचाई निर्माण कार्यों के लिए 105 करोड़ रुपए की रकम. रूखी गई है । इस राशि में से 30 लाख रुपए की रकम जिला महेन्द्रगढ़ और जिला गुडगांव में गहरे सिंचाई नलकूपों, तालाबों और बान्धो के बनाने पर खर्च की जाएगी । कृषि पुनर्वित्त निगम या कृषि–वित्तनिगम के अन्तर्गत न आये लघु सिंचाई कार्यो के लिये तकावी कर्जों के रूप में 8.78 लाख रुपए प्राप्त होंगे ।

किन्तु लघु सिंचाई के वास्तविक महत्वपूर्ण कार्यक्रमों को संस्थागत साधनों की सहायता से अमल में लाया जा रहा है । कृषि पुनर्वित निगम से 525 लाख रुपए सहायता के रूप में प्राप्त होंगे तथा वे

स्कीमों में शामिल है । हरियाणा के विभिन्न जिलों के सुगठित खण्डो में 3,900 नलकूप, 800 पम्पिग सेट, 800 कुएं तथा 60 गहरे नलकूप लगाने की स्कीमें शामिल है । जिला अम्बाला की तहसील नारायणगढ में 200 गहरे नलकूप लगाने के वास्ते कृषि पुनर्वित निगम द्रारा दी गई लगभग 2,00 लाख रुपए की सहायता के इस्तेमाल के लिए शिखर समितियों का संगठन किया जा रहा है । इसके अतिरिक्त राज्य भूमि बन्धक बैक तथा अन्य सहकारी संस्थाएं लघु सिंचाई कार्यो के लिए क्रमश : 120 लाख तथा 70 लाख रुपए की व्यवस्था करेंगी । आशा है कि वाणिज्यिक बैक भी वर्ष 1969–70 के दौरान लघु सिंचाई निर्माण कार्यों के लिए 6० लाख रुपए की व्यवस्था करेंगे ।

सहकारिता

कृषि विज्ञान के प्रसार से उधार की मांग काफी बढ़ेगी । उधार की रकम को ठीक ढंग से बांटने के लिए उधार समितियों की पूंजी बढाने के साथ–साथ असफल एवं न चल सकने वाली समितियों को समाप्त करने के लिये पग उठाये जायेंगे । कृषि–क्षेत्रो के लिए ऋण सुविधाएं।

प्रति वर्ष बढ़ती जा रही हैं । पिछले वर्ष 13 करोड़ रुपए के मुकाबले में इस वर्ष किसानों को सहकारी समितियों के माध्यम से 19 करोड़ रुपए के ऋण मिल सकेंगे । सदस्यों को जानकर प्रसन्नता होगी कि रिजर्व बैंक द्वारा जारी की गई नीति के अनुसार

किसानों की कुण संबन्धी मांग को पूरा करने के लिये वाणिज्यिक बैक ज्यादा से ज्यादा सहायता दे रहे है । सहकारी समितियों की पूंजी की स्थिति को मजबूत बनाने के लिए ह 6 लाख रुपए उपलब्ध होंगे तथा 2.49 लाख रुपए विभिन्न सहकारी समितियों को प्रबन्धकीय सहायता के रूप में दिाा जाएगे । 10/8 देहाती गोदाम बनाने के लिए 43.15 लाख रुपए रखे गए हैं ।

हरियाणा मार्कीटिग फैडरेशन को अब तक 43.15 लाख रुपए की हिस्सा पूंजी दी गई है । वर्ष 1969– 70 के दौरान हिस्सा पूंजी और बढ़ा दी जाएगी । फैडरेशन और उससे सम्बध संस्थाए सारे राज्य में खाद बांटने का काम करती हैं । सहकारी समितियों के कर्मचारियों और गैर–कर्मचारियों की शिक्षा और प्रशिक्षण का भी प्रवन्ध किया गया है ।

ग्राम सेवा तथा मार्कीटिंग सहकारी समितियों के माध्यम से देहाती क्षेत्रो में उपभोक्ताओं की जरूरतें पूरी करने की दिशा में विशेष प्रगति हो रही है ।

पशुपालन तथा डेरी

राज्य की आर्थिक व्यवस्था में पशुपालन तथा डेरी के विकास का विशेष महत्व है, क्योंकि हरियाणा राज्य मुर्ग भैसों तथा हरियाणा नसल की गौओं के लिए प्रसिद्ध है । इसके लिए 85 लाख रुपए रखे गए हैं ।

वर्ष 1967–6 8 के दौरान गुड़गांव तथा करनाल में स्थापित दो सएन पशु विकास परिष्ठोजना – ब्लाक जारी रखे जाएंगे और जींद के अन्दर सरकारी क्षेत्रो में तथा पहेवा के अन्दर गैर–सरकारी क्षेत्रो में स्थापित किए जाने वाले दूध के कारखानों को दूध सप्लाई करने के लिए दो नई सघन पशु

विकास परियोजनाओं की स्थापना का विचार है । जींद में देहाती–क्रीम निकालने का कारखाना (रूरल क्रीमरी) नवम्वर, 1969 तक पूरा हो जाएगा और वहां उत्पादन भी शुरू हो जाएगा । यहां हर रोज 50,000 लिंटर दूध की खपत होगी । सघन पशु विकास ब्लाकों के अतिरिक्त, कृत्रिम गर्भाधान को लोक–प्रिय बनाने के लिए 'प्रमुख ग्राम कार्यक्रम' के अधीन महत्वपूर्ण इलाके आ जाएंगे । हिसार पशुधन फार्म का तीसरा सैक्टर तैयार किया जा रहा है । फार्म को आधुनिक रूप दिया जा रहा है ताकि पशुओं अम्बाला के सुअर फार्म को बढ़ाया जाएगा और सुअरखाने के विकास के लिए ब्लाको की स्थापना की जाएगी । वर्ष 1969–70 के दौरान तीन मुर्गीपालन विकास ब्लाकों स्थापना की जाएगी ।

राज्य की अर्थ–व्यवस्था में वनों का एक महत्वपूर्ण स्थान है । वषं 1969– 70 के दौरान वन–उद्योग के विकास के लिए 17 लाख रुपए की व्यवस्था की गई है । इस प्रोग्राम के अन्दर 900 हैक्टेयर क्षेत्र में कम खर्च पर लाभदायक और कीमती पेड़ लगाने, पौधों की पट्टीदार खेती करना, चब्बड़ घास और छायादार पेड़ लगाना शामिल है । पहाड़ी तथा रेतीले क्षेत्रे में भूमि संरक्षण के लिए पेड़

लगाने के काम की ओर विशेष ध्यान दिया जा रहा है । घाटी वाली भूमि का सुधार करना, रोक डेम बनाना तथा चोओं का सुधार करना, बलुआ टिब्बे बनाना आदि कुछेक ऐसे काम हैं जिन्हें भूमि संरक्षण के काम के लिए शुरू करने का विचार है ।

सिंचाई तथा बिजली

सिंचाई, बिजली, बाढ–नियन्यत्रण तथा जल–निकास के लिए रखी गई 1525. 00 लाख रुपयों की कुल रकम में से भाखड़ा तथा व्यास की बहूद्देशीय नदी घाटी परियोजनाओं के लिए 530.00 लाख रुपयों की रकम रखी गई है । इसमें से व्यास परियोजना के पहले तथा दूसरे यूनिट पर 245.00 लाख रुपये और भाखड़ा के दाहिने किनारे के बिजली घर की परियोजना पर 285. 00 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे । दाहिने किनारे की बिजली घर परियोजना की व्यवस्था में भाखड़ा प्रबन्ध बोर्ड द्वारा किया जाने वाला 220 के०वी० का और हरियाणा राज्य विजली बोर्ड द्वारा किया जाने वाला 132 के ० वी० का पारेषण निर्माण कार्य (ट्रांसमिशन वर्क्स) शामिल है । बड़ी और मध्यम सिंचाई स्कीमों को चालू रखने के लिए 160.00 लाख रुपये की रकम रखी गई है जिसमें गुड़गांव नहर परियोजना, पश्चिमी यमुना नहर को नया रूप देना, और फीडर परियोजना, रिवाड़ी उठान योजना और नलकूप लगाना शामिल है ।

रावी और व्यास से पाकिस्तान को सप्ताई किया जा रहा पानी सिन्दु करार के अधीन बन्द कर दिया जाएगा । इन दो नदियों के जल में हरियाणा राज्य का हिस्सा 4.48 एम० ए ० एफ० तक है । इस जल को प्राप्त करने का एकमाव स्रोत भाखड़ा जलाशय हं । 1973 के अन्त तक यूनिट संख्या 1 के पूरा होने के बाद 3.72 एम० ए० पी० जल भाखड़ा जलाशय में डाला जाएगा । इसलिए यह बात महत्वपूर्ण है कि मास के पानी को सतलुज बेसिन से पश्चिमी यमुना नहर–बेसिन तक ले जाने वाली नहर साथ साथ तैयार की जाए ताकि प्राप्त होने वाला पानी तुरंत उपयोग में लाया जा सके । हरियाणा की अर्थ व्यवस्था के लिए यह सम्पर्क नहर वहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे ऐसे क्षेत्रे को, जहां जल सप्लाई की मात्रा केवल 50 से 60 प्रतिशत तक हं, अधिक जल प्राप्त होगा । 67. 25 हजार क्यूसेक दी क्षमता दासी सगभग 120 मील लम्बी इस सम्पर्क नहर के निर्माण पर 27.00 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है । 1969–70 के दौरान सतलुज व्यास यमुना लिंक चौनल के लिए 4.85 लाख रुपए की सांकेतिक रकम रखी गई है । यह सरकार इस लिंक को 1973 के अन्त तक बनाने को बड़ा महत्व देती है तथा इसे शीघ्र पूरा करने के लिये योजना आयोग तथा भारत सरकार के साथ विचार–विमर्श किया जा रहा है ।

हरियाणा राज्य बिजली बोर्ड ने नल–कूपों को विजली देने तथा गांवों में बिजली लगाने के कार्यक्रम में विशेष प्रगति की है । दिसम्बर, 1968 के अन्त तक 1,442 गांवों में बिजली लग चुकी थी

तथा लगभग 3 9,000 नल–कूपों को बिजली दी जा चुकी थी । पहली अप्रैल, 1968 से 31 दिसम्बर, 1968 तक 191 गांवों में बिजली लग चुकी थी । जहां तक नल–कूपों को बिजली देने का संबंध है, वर्प 1968– 69 के लिए पहले 1 5,000 कनैक्शनों का निशाना रखा गया था । यह निशाना पहले ही बढ़ाकर 18,000 नल–कूप कर दिया गया है । इस सदन को जानकर प्रसन्नता होगी कि बोर्ड' ने जनवरी के अन्त तक पहले ही 1 4,000 नलकूपों को बिजली दे दी है । (प्रशंसा)

वार्षिक योजना में तापीय (थर्मल) बिजली पैदा करने तथा उसके पारेषण के लिए 550 लाख रु० की रकम रखी गई है । अगले वर्ष फरीदाबाद में 55 मैगावाट वाले बिजली घर बनाने का काम शुरू करने का विचार है । इसके लिए 55 लाख रुपये रखे गए हैं । बिजली के वितरण तथा पारेषण कार्य–क्रम के लिए 250 लाख रुपए की रकम रखी गई हूँ । हरियाणा राज्य बिजली बोर्ड 66 के० वी० तथा 132 के० वी० वाली पारेषण लाइनें बनाने के लिए 175 लाख रुपये की अतिरिक्त रकम खर्च करेगा । वर्ष 1969– 70 के दौरान बोर्ड ने 20,000 नलकुप्रों को बिजली देने और 40,000 साधारण कनैक्शन तथा 1.600 औद्योगिक कनैक्शन देने का निशाना रखा है । (प्रशंसा) ।

बाढ नियन्त्रण, जल निकास तथा सम निरोधी स्कीमें

हरियाणा में कृषि उत्पादन के लिए बाढ़ एक बहुत बड़ा खतरा है । प्रति वर्ष बाढ़ से एक बहुत बड़ा क्षेत्र प्रभावित होता है, जिसके कारण फसलों तथा सम्पत्ति को बहुत नुकसान होता है । यह सरकार बाढ़ सुरक्षा कार्यो –को उच्च प्राथमिकता देती है । संयुक्त राष्ट्र संघ वंगकाक के श्री कंवरसेन की अध्यक्षता में, जो अन्तरर्राष्टीय ख्याति के इंजीनियर हँ, तथा हरियाणा सरकार के अन्य विशेषज्ञों को मिलाकर एक पुनर्विलोकन बोर्ड बनाया गया है जो राज्य में सिंचाई, बिजली तथा बाढ़ सम्बन्धी समस्याओं का पुनर्विलोकन करेगा । चालू वर्ष के दौरान बाढ़ नियंत्रण, सेम निरोधी तथा जलनिकास स्कीमों के लिए 85 लाख रुपए रखे गए है' । महत्वपूर्ण जलनिकास नालियों पर मिट्टी का काम अगली वर्षा ऋतु से पहले पहले समाप्त करने का निर्णय किया गया है ताकि नालियां बाढ़ के प्रकोप को सह सकें । अन्तरर्राष्टीय विकास एजेंसी ने हरियाणा राज्य में बाढ़ सुरक्षा कार्य के लिए भारत सरकार की 12 करोड़ रुपए तक की सहायता करने की स्वीकृति दी है । इसके लागू करने की तफसील अन्तिम हो जाने के बाद कार्यक्रम को तेज कर दिया जाएगा ।

उद्योग

हरियाणा राज्य विशेषकर दिल्ली के इर्दगिर्द का इलाका औद्योगिक विकास के लिए एक आदर्श इलाका है । दिल्ली के इर्दगिर्द सहायक कारखानों को विकास की सम्भाव्यताओं का लाभ उठाने के लिए, दिल्ली क्षेत्र के आसपास चार महत्वपूर्ण (फोकल) स्थानों

पर गैर– सरकारी उद्यमकर्ताओं को प्रोत्साहन दिया जा रहा है । 19 69–70 की वार्षिक योजना के कार्यक्रम के अन्तर्गत 100.00 लाख रुपए जुटाए गए हैं । इसमें से ह 9.00 लाख रुपए हथकरघा, मशीनी करघा, प्रसाधन यूनिट आदि जैसे लघु उद्योग विकसित करने पर खर्च किए जाएंगे । बड़े तथा मध्यम दर्जे के उद्योगों के लिए रखे गए 29.00 लाख रुपयों में से 5.00 लाख रुपये सरकारी क्षेत्र की परियोजनाओं के लिए रखे गए हैं और 12. 00 लाख रुपये औद्योगिक विकास निगम के माध्यम से गैर–सरकारी उद्यमों में पूंजी कीं गारंटी देने के लिए रखे गए हैं । 5 लाख रुपए हरियाणा वित्त निगम की हिस्सा पूंजी बढ़ाने के लिए और 5 लाख रुपये औद्योगिक विकास निगम द्वारा प्रमुख स्थानों के विकास के लिए रखे गए हैं । गैर–सरकारी नए उद्योग– पतियों को प्रमुख स्थानों और ग्रामीण क्षेत्रो में उद्योगों की स्थापना में जोरदार प्रोत्साहन दिया जाता है, जिसमें विकसित औद्योगिक स्थान, जल, बिजली और संचार की सुविधाएं शामिल है ।

गैर सरकारी नए उद्योगपतियों को वित्तीय सहायता और जोरदार प्रोत्साहन देने के लिए हरियाणा वित्त निगम और औद्योगिक विकास निगम की स्थापना की गई है । पुनर्गठ न के बाद 31 अक्तुबर, 1968 तक हरियाणा वित्त निगम 48 पार्टियों को 1.64 करोड़ रुपये के. कर्जे मंजूर कर चुका था । उद्योग विकास निगम स्वयं या गैर सरकारी क्षेत्र के सहयोग से कारखाने लगाएगा या

उद्योग परियोजनाओं की हिस्सा पूंजी की गारंटी देकर या उसमें भाग लेकर उद्योगों का विकास करेगा । निगम ने पहले से ही जिला महेन्द्रगढ में संगमरमर की खान का कार्य शुरू कर दिया है जिसे काफी मात्रा में बाहर भी भेजा जा सकता है । निगम द्वारा माल्ट और शराब का कारखाना और माचिस बनाने का कारखाना लगाने की संभावनाओं पर भी विचार किया जा रहा हूँ ।

छोटे उद्योगों के विकास पर विशेष जोर दिया जाता हे । राज्य उद्योग सहायता–अधिनियम के अन्तर्गत छोटे उद्योगो को 25, 000 रुपये तक 3 प्रतिशत और 25,000 रुपये से अधिक 7 प्रतिशत व्याज की दर से कर्जा के रूप में वित्तीय सहायता दी जाती है । छोटे पैमाने के कारखानों को कर्ज देने के नियमों में ढील दे दी गई है और कुछ खास मामलों में तो सहायता की रकम 50,000 से बढ़ा कर 1 लाख रुपये कर दी गई है । मई में उद्योग बस्ती का काम तेजी से पूरा किया जा रहा है । लोहे, चुने, चकनी मिट्टी तथा रेत के भण्डारों की खोज की जा रही है । इन खोजों से पता चलता है कि ये खनिज पदार्थ काफी मावा में मिल सकें गे । तकनीकी व्यक्तियों को छोटे उद्योग लगाने के लिए संस्थागत साधनों से सरकार की गारंटी पर सहायता की स्कीम पर विचार किया जा रहा है ।

औद्योगिक प्रशिक्षण

उद्योग प्रशिक्षण की सुविधाओं का नए सिरे से गठन करने का विचार है ताकि वे उत्पादन के नए ढंगों के अनुसार मेल खाएं । इन सुविधाओं से साधारण स्त्रियो की संध्या बढ़ गई है तथा उन्हें रोजगार की उतनी सुविधाएं नहीं मिलतीं, इसलिए इनके विस्तार का विचार नहीं है । प्रशिक्षण के कार्यक्रम में तालमेल स्थापित किया गया है और इनमें कई और उपयोगी दस्तकारियां शामिल की जा रही हैं ।

वर्ष 1969– 70 के दौरान 7. 50 लाख रुपये की रकम रखी गई है और आशा है कि दो महिला औद्योगिक स्कूल स्थापित किए जाएंगे और फार्मेसी तथा पुस्तकालय विज्ञान में दो वर्ष के कोर्स का प्रशिक्षण देने के लिए महिलाओं के लिए एक बहुशिल्पालय (पालिटैकनिक) पहली अगस्त, 1968 से चल रहा है ।

सड़कें तथा सड़क परिवहन

अर्थ–व्यवस्था के तेजी से विकास के लिए सड़कें अत्यन्त महत्वपूर्ण है' । वर्ष 1966– 67 के आरम्भ में हरियाणा राज्य के क्षेव में कुल 5,380 किलोमीटर लम्बी सड़कें थीं । तब से तीन वार्षिक योजनाओं के दौरान सड़कों की 800 किलोमीटर लम्बाई बढ़ा दी गई हं तथा वर्ष 1968– 69 के अन्त तक राज्य में कुल 6180 किलोमीटर लम्बी सड़कें हो जाएंगी । (प्रशंसा) आशा है कि वर्ष 1968– 69 के दौरान 250 किलोमीटर तथा वर्ष 1969–70 के दौरान 300 किलोमीटर अतिरिक्त लम्बी सड़कें मुकम्मल की जाएंगी

। (प्रशंसा) वर्ष 1968–69 के दौरान राज्य में बाढ़ो से सड्कों को काफी हानि पहुंची तथा वर्ष 1968– 69 के लिए सड़कों के निर्माण की रकम को 100 लाख रुपए से बढ़ाकर 210 लाख रुपए कर दिया गया । ग्रामीण और पहुंच सड़कों को उच्च प्राथमिकता दी गई है और ग्राम सहकारी सड़क स्कीम के अन्तर्गत 100 लाख रुपये की रकम, जिसमें इन देहाती सड्कों पर आने वाली लागत का 75 प्रतिशत भाग सरकार देगी । दूसरा 25 प्रतिशत भाग विपणन समितियों द्वारा दिया जाएगा । वर्ष 1968– 69 के दौरान वर्तमान सड़कों को चौड़ा करने, मरम्मत करने और मजबूत बनाने की ओर विशेष ध्यान दिया जा रहा है । 1969– 70 के दौरान सड्कों पर काम करने के उत्साह को बनाए रखा जाएगा और इस के लिए 200 लाख रुपये की व्यवस्था की जा चुकी है ।

पहली अप्रैल, 1968 को हरियाणा परिवहन के पास 567 बसें थीं, जोकि प्रतिदिन 210 मार्गो पर 72,000 मील चलती थीं । 1968– 69 के दौरान परिवहन के लिए रकम की व्यवस्था 50 लाख से बढ़ाकर 60 लाख रुपए कर दी गई है और आशा है कि लगभग 80 गाड़ियां और खरीद ली जाएंगी । वर्ष 1969– 70 के दौरान योजना के अन्तर्गत 90 लाख रुपये खर्च करने का विचार है और 100 नई गाड़ियां खरीदी जाएंगी । यावियों को सुविधाएं प्रदान करने के लए वर्ष 1969– 70 के दौरान तोशाम, रिवाड़ी, पानीपत और अम्बाला शहर में बस अड्डों का निर्माण किया जाएगा । बसों की सही देखभाल को सुनिश्चित करने के लिए हिसार, सिरसा और

भिवानी में वर्कशापें खोली जाएंगी । विस्तार कार्य क्रम के पूरा हो जाने पर हरियाणा के प्र मुख कसबों को उत्तर प्रदेश और राजस्थान के निकटवर्ती क्षेत्रो के महत्वपूर्ण शहरों को बसों द्वारा मिला दिया जाएगा ।

सामान्य शिक्षा

हरियाणा पढ़ने–लिखने के क्षेव में विशेष रूप से पिछड़ा हुआ है और स्तियां तो बहुत कम पढ़ी–लिखी हैं । इस बात को ध्यान में रखते हुए योजना के अधीन 190 लाख रुपए की रकम रखी गई है । प्राइमरी शिक्षा के क्षेर को बढ़ाने पर जोर दिया गया है । वर्ष 1969– 70 के दौरान 50 नए प्राथमिक स्कूल खोलने, 50 स्कूलों का दर्जा बढाकर उन्हें मिडल स्कूल बनने और 24 मिडल स्कूलों को हाई स्कूल बनाने का विचार हे । इस प्रकार प्राइमरी स्कूलों में 86,000 बच्चे मिडल स्कूलों में 24, 000 बच्चे और नवीं से ग्यारहवीं कक्षा मं 10, 000 बच्चे शिक्षा प्राप्त करेंगे । वर्ष 1969–70 के दौरान एक सरकारी कालेज और दो पूर्व–प्राइमरी स्कूल खोलने का भी विचार है । आशा है कि स्थापित किए जाने वाले स्कूल शिक्षा वोर्ड द्वारा 1970 में हरियाणा के उम्मीदवारों की मंड़िक तथा हायर सैकंडरी की पहली बार परीक्षा ली जाएगी ।

राज्य सरकार की आठवीं कक्षा तक मुपत शिक्षा सम्बन्धी नीति जारी रहेगी और अनुसूचित जातियों और अन्य पिछड़े वर्गो के बच्चों की भलाई के लिए 30. 50 लाख. रुपए की रकम रखी जा

रही है । वर्ष 1969– 70 के दौरान स्कुल और कालेज के छाजें को वजीफे देने के लिए 7. 80 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे ।

हरियाणा भे' लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सरकार विशेष ध्यान दे रही है । वर्ष 1968– 69 के दौरान रोहतक जिले के नाहर स्थान पर पहले ही छात्राओं और अध्यापिकाओ के लिए इकटठा छात्रवास बनाया जा चुका है ।

तकनीकी शिक्षा

राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड सरकारी एवं गैर–सरकारी तकनीकी संस्थानों का मार्ग दर्शन करता है, एवं उनपर नियंत्रण भी रखता है । मध्य स्तरीय मिस्त्रियों की बढ़ती हुई मांगों को ध्यान में रखते हुए फरीदाबाद में वाई. एम. सी. ए. इंजीनियरी संस्थान स्थापित करने का कार्य तेजी से किया जा रहा है । यह संस्थान सेंडविच पाठ्यक्रम के लिए बनाया गया है और इस पाठ्यक्रम को मांग के अनुसार दूसरे तकनीकी संस्थानों में और अधिक अपनाया जाएगा । इस योजना के अधीन तकनीकी शिक्षा के लिए वर्ष 1969– 70 के दौरान 76 लाख रुपए की रकम रखी गई है । इजीनियरी पाठ्यक्रमों के अध्ययन के लिये निर्धन तथा जरूरतमन्द विद्यार्थियों को ब्याज–रहित करने देने के लिए विशेष व्यवस्था को गई है ।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य

वर्ष 1969– 70 के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं के विकास के लिये 100 लाख रुपए की रकम रखी गई है । इसमें से 2237 लाख रुपए की

रकम चिकित्सा महाविद्यालय (मेडिकल कालेज), रोहतक, के सुधार तथा विस्तार पर खर्च की जाए गी । चिकित्सा महाविद्यालय, रोहतक, में दाखिल होने वाले विद्यार्थियों की संख्या पहले ही बढाकर 150 कर दी गई है । राज्य में चिकित्सा के सहायक अमले की बहुत कमी है । इसके प्रशिक्षण पर 5.68 लाख रुपए की रकम खर्च की जाएगी । जिला तथा तहसील अस्पतालों का विस्तार किया जाएगा और हिसार, गुड़गांव, करनाल और अम्बाला में कुछ बालचिकित्सा केन्द्र खोले जाएंगे ।

इन कार्यक्रमों के लिए कुल 38.89 लाख रुपए की रकम रखी गई है । 20 लाख रुपए के खर्च से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का सुधार किया जाएगा और इस स्तर पर 24 अतिरिक्त अन्तरंग रोगियों के इलाज की व्यवस्था की जाएगी ।

परिवार नियोजन कार्य क्रम पर 1968– 69 में किया जाने वाला खर्च 75. 79 लाख रुपए से बढ़ाकर 1969– 70 में 125 लाख रुपए कर दिया गया हँ ।

अनुसूचित जातियां और पिछड़े वर्ग

सरकार समाज के इस वर्ग की गरीबी के प्रति जागरूक है और सरकार ने हरिजन कल्याण निधि को, जिससे शिल्पों तथा अन्य आर्थिक कार्यों में लगे हरिजनों को वित्तीय सहायता दी जाती है, बढ़ाने के लिये योजना में रखी गई रकम के अतिरिक्त 25 लाख रुपये रखने का निर्णय किया है । (प्रशंसा) चालू वर्ष की वार्षिक

योजना में अनुसूचित जातियों और पिछड़े वगों को सामाजिक तथा आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए 20 लाख रुपए की रकम रखी गई है । इस रकम में से 13 लाख रुपए हरिजन विद्यार्थियों को वजीफों और फीस में रियायतों के रूप में, 3. 80 लाख रुपए कृषि भूमि की खरीद के लिए ऋण मकानों, कृषि भूमि पर कुंओं के लिए सहायता के रूप में दिए जाएंगे । उन्हें रिहायशी घरों, पीने के पानी के कुंओं, सामुदायिक केन्द्रों के निर्माण के लए और कानूनी मामलों में सहायता देने के लिए 3. 20 लाख रुपए रखे गए हैं । आशा है कि सरकार द्वारा 1968– 69 की वार्षिक योजना में की गई 34. 50 लाख रुपयों की रखी गई रकम के साथ चालू वर्ष में अनुसूचित जातियों और पिछड़े वर्गो के कल्याण के लिए उपर्युक्त स्कीमों पर 68. 91 लाख रुपये खर्च किये जएंगे । (प्रशंसा)

जल सप्लाई

हरियाणा में पी ने के शुद्ध पानी की कमी है । रेतीले क्षेत्रो में, जहां भूमि में पानी का तल बहुत गहरा है और प्राप्त पानी प्रायः खारा है, पानी की यह कमी बहुत अधिक है । जनता को पानी की इस कमी से मुक्त करने के लिए जल सप्लाई स्कीमों पर 1968– 69 वर्ष के दौरान खर्च हुई 40 लाख रुपयों की रकम को बढ़ाकर 1969– 70 के दौरान 75 लाख रुपये कर दिया गया है । 1969–70 के दौरान नगरों में चालू राष्ट्रीय जल सप्लाई स्कीमों को बढ़ावा देने के अलावा दो और नगरों को इस योजना के अन्तर्गत लाया जाएगा । मल निकास व्यवस्था स्कीमें ह शहरों में

जारी रखी जाएंगी तथा 3 और शहरों में शुरू की जाएंगी । फिर भी गावों में जल–सप्लाई को पहल दी जा रही है, जहां ऐसी वर्तमान 100 स्कीमों के अतिरिक्त 30 गावों में नई स्कीमें शुरू की जाएंगी । कुएं बनाने के कार्यक्रम के लिए 3 लाख रुपए रखे गए हैं । इसके अधीन पंचायतों को जिला परिषदों ब्लाक समितियों के जरिये अनुदान तथा सहायता दी गई है ।

कुरुक्षेत्र का विकास

सरकार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय तथा शहर के विकास को बहुत महत्व देती हे । यह प्राचीन भारतीय संस्कृति तथा सभ्यता का विकास–स्थल है । इस प्रयोजन के लिए एक उच्च अधिकार प्राप्त बोर्ड स्थापित किया गया है । कुरुक्षेत्र नगर तथा विश्वविद्यालय के शीघ्र विकास के लिए धन जुटाने के लिए भू–राजस्व तथा सम्पत्ति कर पर 50 प्रतिशत का अधिभार जारी रखा जा रहा है । चालु वर्ष में बोर्ड को विकास कार्यों के लिए 10 लाख रुपए का सहायता अनुदान दिया गया है ।

मुद्रण तथा लेखन सामग्री

सरकारी कार्यालयों की कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने अपना छापाखाना स्थापित करने का निर्णय किया है । इस प्रयोजन के लिए 1969– 70 के योजना बजट में मशीनरी के लिए 8 लाख रुपये की रकम रखी गई है ।

विद्यार्थियों की सुविधा के लिए करनाल तथा हिसार में पाठ्य–पुस्तकों के बिक्री डिपो खोले गए हैं तथा 1969– 70 में रिवाड़ी में एक और डिपो खोला जाएगा ।

विंक्रय कर

व्यापारियों द्वारा आश्वासन दिए जाने पर राज्य सरकार ने आबकारी तथा कर विभाग के अधिकारियों द्वारा व्यापारिक संस्थापनों पर छापे मारने का काम वर्ष के लिए तजरबे के रूप में रोकने का निर्णय किया हूँ ताकि व्यापारी अपने सामान्य कार्य की ओर ध्यान दे सकें । आशा है कि व्यापारी लोग इस विश्वास पर पूरे उतरेंगे और राज्य की आमदनी पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ने देंगे

राज्य सरकार ने सूती कपड़े पर लगे बिकी कर की 3 प्रतिशत दर को घटा कर 1 प्रतिशत कर दी है ताकि हरियाणा और दिल्ली को दरें बराबर हो सके । सिले–सिलाये कपडो पर भी बिकी–कर घटा दिया गया है । लघु सिंचाई योजनाओं के महत्व को ध्यान में रखते हुए मोनो ब्लाक पम्पिगसैटों पर बिकी–कर को दर 10 प्रतिशत से घटाकर ह प्रतिशत कर दी गई है । पैट्रोल से तैयार होने वाले पदायों पर बिकी–कर अन्तिम बिकी को बजाए पहली बिकी पर लगाने का निर्णय किया गया है ।

राज्य सरकार भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं को पहल देती है । राज्य सरकार द्वारा सेना से निकले आपात राजादिष्ट अधिकारियों (एमरजेंसी कमीशंड अफसरों), भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिवारों

तथा भूतपूर्व अपंग सैनिकों के पुनर्वास के लिए अनेक उपाय किए जा रहे हैं । सीमान्त युद्धों में शहीद हुए तथा गुमशुदा सैनिकों के परिवारों तथा नाकारा सैनिकों को अनुग्रह– अनुदान की सुविधाएं दी गई हैं । अब यह सुविधा देश की आन्तरिक सुरक्षा के लिए या प्राकृतिक विपतियो के समय सिविल अधिकारियों की सहायता करते हुए नाकारा होने वाले व्यक्तियों को भी दी जायेगी । सरकार ने राष्ट्रिय इण्डियन मिलिट्री कालिज, देहरादून, में दाखिल हुए छलों के लिए छाववुति की रकम भी 600 रुपए प्रतिवर्ष से बढ़ाकर 1, 000 रुपए प्रतिवर्ष कर दी है । सरकार ने पुनर्निर्माण एवं भूतपूर्व सैनिकों के पुनर्वास के वास्ते सहायता व कजें आदि देने के उपयोग में लाई जाने वाली इस विशेष निधि में ,अपने हिस्से की 14. 9 लाख रुपए की रकम दी है । राज्य सरकार ने पहली दिसम्बर, 1967 से उपलब्ध होने वाले स्थायी पदों के सम्बन्ध में आपात राजादिष्ट अधिकारियों तथा भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित पदो की संख्या 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दी है । उनके लिए सीधी भर्ती द्वारा भरे जाने वाले उतने ही प्रतिशत अस्थायी पद भी सुरक्षित रखे जायेंगे । सरकार ने प्रत्येक वीरता पुरस्कार की पूरी रकम नकद अदा करने का भी निर्णय किया है ।

सरकारी कर्म चारियो के वित्तीय सहायता

जैसा कि पहले जिक्र किया गया है, सरकार ने 1 सितम्बर, 1968 से अपने कर्मचारियों को महंगाई भत्ता बढकर केन्द्रीय सरकार के

कर्मचारियों के महंगाई भत्ते के बराबर कर दिया हुइ । चीजों की बढती हुई कीमतों के कारण कर्मचारियों की कठिनाईयों के प्रति सरकार पूरी तरह सजग है । वित्तीय कठिनाईयों के होते हुए भी सरकार ने वेतनमानों में संशोधन की घोषणा की है ताकि सभी श्रेणियों के कर्मचारियो को लाभ हो सके । (प्रशंसा) इन दोनों उपायों से सरकारी खजाने पर लगभग 2.78 करोड़ रुपए का वार्षिक बोझ पड़ेगा । वेतनमानों में न केवल वृद्धि ही की गई है, वल्कि उन में सुधार करने का भी यत्न किया गया है । वेतनमानों की संक्या लगभग 500 से घटाकर 100 कर दी गई है और महंगाई वेतन को मूल वेतन में मिला दिया गया है । अब 500 रु० तक वेतन पाने वाले कर्मचारियों को अधिक महंगाई भत्ता मिलने लगेगा । सभी वेतनमानों में दक्षता–रोध लागू कर दिया गया है । लगभग एक दर्जन पद श्रेणियों में पहली बार सिलैक्शन ग्रेड बना दिये गए हैं । कुछ एक स्थितियों में तो प्रवरता (सिलैक्शन) ग्रेडों को भी बता दिया गया है । डाक्टरों, इंजीनियरयों, माल विभाग के अमले, आबकारी, कराधान और खजाना कर्मचारियों और सहायक सचिव से लेकर चपरासियों के पदों की सभी श्रेणियों की ओर विशेष ध्यान दिया गया है । इनमें से अधिकतर श्रेणियों के कर्मचारियों को अब उन्हीं श्रेणियों के पंजाब के कर्मचारियों को मिलने वाले वेतनमान की तुलना में अच्छा वेतनमान मिलेगा । 'ख' तथा 'ग' वर्ग के कार्यालयों के अन्तर को समाप्त कर दिया गया है और 'ग' वर्ग के कर्मचारी अब 'ख' वर्ग के कार्यालयों के कर्मचारियों के बराबर होंगे । सदन को यह जानकर खुशी होगी

कि 50,000 से अधिक कर्मचारियों को इस से लाभ होगा और तीसरी तथा चौथी श्रेणी के कर्मचारियों को अधिक प्रतिशत लाभ होगा । अध्यापकों और पुलिस कर्मचारियों के वेतनमान पहले ही बढ़ाए जा चुके हैं । इस प्रकार सभी श्रेणियों के कर्मचारियों के वेतनमानों में संशोधन कर दिया गया है, ताकि सभी कर्मचारियों को उचित पारिश्रमिक मिल सके । हरियाणा सरकार के कर्मचारी अब देश के सब से अधिक वेतन पाने वाले कर्मचारियों में से हैं । (प्रशंसा)

सरकारी कर्मचारियों के लिए रिहायशी मकानों की कमी को ध्यान में रखते हुए जिला नगरों में सिलसिलेवार कार्यकम के रूप में सभी श्रेणियों के कर्म. चारियों ' के लिए रिहायशी मकान बनाने का विचार है । इस प्रयोजन के लिए हर वर्ष धन जुटाया जाएगा । कर्मचारियों को मकान बनाने के लिए दी जाने वाली पेशगी रकम की शर्तो को उदार बनाने का निर्णय भी किया गया है । .वे अब भविष्य में मकान बनाने के लिए ऋण के रूप में 60 महीने का वेतन प्राप्त कर सकेंगे, जबकि अब ऐसे च्छग के रूप में उन्हें 48 मास का वेतन मिलता है । पैन्शनों की अदायगी में होने वाली देरी सम्बन्धी शिकायतों को दूर करने के लिए सरकार ने पैन्शनो की मन्जूरी और अदायगी के नियमों और कार्यविधि को भी सरल बनाने का निर्णय किया है ।.

विकास कार्यो के विस्तार के फलस्वरूप बढ़ी हुई मांग और कार्यालयों के –र लिए स्थान की कमी को ध्यान मै रखते हुए

जिलों और उपमण्डल मुक्यालयों मे नए कार्यालय भवन बनाने का भी विचार है । 1969– 70 में यह कार्य करनाल में आरम्म किया जाएगा जहां सभी कार्यालयों के लिए एक कई मंजिला कार्यालय भवन. वनाया जाएगा । इससे सरकारी कर्मचारियों और सरकारी कार्यालयों से सम्बन्धित आम जनता को सुविधा होगी ।

हरियाणा राज्य गांधी शताब्दी समारोह समिति

राज्य सरकार ने निर्णय किया है कि इस वर्ष गांधी शताब्दी समारोहों में सक्रिय रूप से भाग लिया जाए । इस समबन्ध मे कार्यक्रम तैयार करने के लिए एक उच्च–अधिकार समिति बनाई गई हूँ और राज्य सरकार हरियाणा राज्य गांधी शताब्दी समारोह समिति को 10 लाख रुपए का सहायता अनुदान देगी । इस रकम को कुरुक्षेत्र में गांधी–मंडप वनाने और कुएं तथा नलकूप लगवाने पर खर्च किया जाज्गा । विभिन्न रुलाको में 1. 50 रुपए के खर्च से स्मारक बनाने का भी विचार है । महात्मा गांधी के योगदान और आदर्शों का प्रचार करने के लिए प्रदर्शनियां लगाई जायेंगी ।

नशाबन्दी

शराब पीना एक सामाजिक बुराई है और सविधान के निर्देशात्मक सिद्धांतों के अनुसार राज्य सरकार इस वात के लिए वचनबद्ध है कि सिलसिलेवार कार्यक्रम के अनुसार नशाबन्दी लागू की जाए (प्रशंसा) । इस कार्यक्रम का ब्यौरा तैयार किया जा रहा है ।

करों में राहत

घाटे को देखते हुए करों में कोई अधिक राहत देने का विचार नहीं है । फिर भी सरकार ने निर्णय किया है कि नये लगने वाले कारखानों पर पहले पांच साल तक सम्पत्ति–कर (प्रापर्टी टैक्स) न लगाया जाए । बुढापा पैंशन की योजना को दोबारा शुरू करने का फैसला किया गया है । (प्रशंसा) अब इस पैशन की 15 रुपए की रकम बढ़ाकर 25 रुपए कर दी गई है । (प्रशंसा) शहरी अचल सम्पत्ति–कर की वसूली के ढंग को भी सरल बनाने पर सरकार विचार कर रही है ।

सरकार इस वात पर विचार कर रही है कि जिन व्यक्तियों पर पंचायत समितियां व्यवसाय कर लगाती हैं, उनके सम्बन्ध में व्यवसाय कर में संशोधन किया जाए ।

निष्कर्ष

अन्त में मैं आप का ध्यान इस बात को ओर दिलाना चाहती हूं कि 1968– 69 के अन्त में बजट की हालत, जैसा कि अब पता चल रहा है, जुलाई, 1968 में बजट वश करने के समय की हालत के मुकाबले में बहुत अच्छी हूँ । उस समय यह अनुमान लगाया गया था कि 771 लाख रुपए के घाटे से शुरु होने वाले वर्ष (1968–69) के अन्त में 816 लाख रुपए का घाटा रहेगा । अब हिसाब लगाया गया है कि यह घाटा केवल 6.50 लाख रुपए का ही हागा । 1967– 68 में चालू की गई

गांवों में बिजली लगाने की स्कीम के लिये भारत सरकार से 140 लाख रुपए का उधार लेने के बाद यह घाटा और भी कम रह जायेगा । इस सुधार का बड़ा कारण योजनेतर खर्च पर कठोर नियन्त्रण तथा सरकार को देय रकमों की बड़े पैमाने पर वसूली है ।

अब अनुमान लगाया गया है कि 1969– 70 के दौरान, 124 लाख रुपए का घाटा रहेगा, और वह भी इसलिये कि (क) योजना सम्बन्धी खर्च के कारण 26 करोड़ रुएए तथा (ख) वेतनमानों में वृद्धि के कारण 2 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे । इस लिए वर्ष 196 9–70 के अन्त में कुल घाटा 774 लाख रुपए का, अर्थात् (656 जमा 124 लाख रुपए का) होगा । फिलहाल इस घाटे को इसी तरह छोड़ा जा रहा है । अगला वर्ष चौथी पंच वर्षीय योजना का पहला वर्ष है, जिसके लिए योजना आयोग ने हरियागा के लिए 1.90 करोड़ रुपए का सुझाव दिया है । हम योजना खर्च. में वुद्धि करना चाहा हैं ताकि हरियाणा बड़ी से ही से तरक्की कर सके और पिछले वर्षो में की गई लापरवाही के कारण हुई कमी को पूरा किया जा सके । अपनी योजना को पूरा करने के लिए हमें नये फालतू साधन ढूंढने पड़ेंगे । इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने एक साधन तथा किफायत समिति नियुक्त की है । घाटे को समाप्त करने तथा राज्य की आमदनी को बढ़ाने. के तरीके सुझाने से पहले. मैं इस समिति की सिफारिशों का इन्तजार करन चाहती हूं ।

अन्त में मैं सदन की मंजूरी से यह कहना चाहूंगी कि चाहे इस मत्रीमंडल को काम ममाले अभी 9 महीने से भी कम समय हुआ है, फिर भी अब हरियाणा उन्नति के मार्ग पर बढ़ रहा है । इस राज्य को स्थिर सरकार तथा निष्ठावान् नतृत्व की आवश्यकता कस । मैं इस महान् सदन के सदस्यों से प्रार्थना करती हूं कि आपसी मतभेदों के बावजूद भी हमें राज्य के विकास में बाधा नहीं डालनी चाहिए और इसकी अर्थ–व्यवस्था को सुदृढ़ करने के प्रयत्नों में पूरी तया बिना शर्त सहायता देनी चाहिए । मुझे विश्वास है कि यदि विकास के अगले पांच वर्षो में स्थिर सरकार बनी रही तो हरियाणा का नक्शा ही बदल जाएगा और इस राज्य में खुशहाली का दौर शुरु हो जाएगा ।

अपना भाषण समाप्त करने से पहले मैं अपना कर्त्तव्य समझती हूं कि योजना तथा वित. आयुक्त, विभाग के अन्य अधिकारियो तथा कर्मचारियों का धन्यवाद करूं जिन्होंने बहुत थोड़े समय में बजट अनुमान तैयार करने के लिए कठोर परिश्रम किया ।

में महालेखापाल, हरियाणा का तथा नियंत्रक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री और उसके अमले का समय पर दी गई सहायता के लिए धन्यवाद करना चाहूंगी ।

महोदया, अब मैं' वर्ष 1969–70 के बजट अनुमान पेश करने की अनुमति चाहूंगी ।

जय हिन्द

9.30 A.M.

Deputy Speaker : The House stands adjourned till 9-30 A.M. on Tuesday, the 11 th February, 1969.

(The House then adjourned)